SANATAN SEWA SANGH

Rgd. Off. E-45, Naraina Vihar - New Delhi - 110028 8588861100

धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो

सनातन सेवा संघ: एक सनातन परिवार

संकल्प: एक सशक्त और एकीकृत सनातन राष्ट्र का निर्माण, जो सनातन धर्म और स्वदेशी मूल्यों पर आधारित हो।

मुख्य उद्देश्य:

- सभी सनातनियों को एकजुट कर 'एक परिवार' की कल्पना को साकार करना।
- सनातन धर्म की पवित्रता और मूल्यों की रक्षा करना।
- सामाजिक, आर्थिक और जातिगत भेदभाव को मिटाकर एक मजबूत सनातन समाज का निर्माण करना।

महत्वपूर्ण कार्य:

1. **सनातन एवं स्वदेशी को समर्पित राष्ट्र का निर्माण:** सनातन धर्म के मूल्यों और स्वदेशी उत्पादों को प्राथमिकता देने वाले राष्ट्र की स्थापना के लिए काम करना।
2. **सनातन की सुरक्षा:** सनातन संस्कृति, संस्कार एवं पवित्रता को विधर्मियों से सुरक्षित रखना।
3. **निराश्रित एवं निर्धन परिवारों का सहयोग:** निराश्रित और निर्धन सनातनी परिवारों को अन्न, वस्त्र, दवाइयां, शिक्षा और आत्मनिर्भर बनने में सहायता करना।
4. **राष्ट्र हित में छोटे व्यापारियों का समर्थन:** उन छोटे व्यापारियों को सहयोग देना जो राष्ट्र हित में योगदान देते हैं।
5. **सनातनी एकता:** सभी सनातनियों को एक मंच पर लाकर सामाजिक, आर्थिक और जातिगत भेदभाव को समाप्त करने का प्रयास।
6. **अखंड सनातन राष्ट्र का प्रचार:** मंदिर, पुजारी और संत समाज को एकजुट और सशक्त करके अखंड सनातन राष्ट्र का निर्माण और प्रचार करना।
7. **स्वस्थ गौवंश अभियान :** घायल एवं बीमार गौवंश की चिकित्सा, एम्बुलेंस सेवा, हरित चारा सेवा एवं देखभाल

धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो



राष्ट्रीय संत संरक्षक मंडल

गीता मनीषी स्वामी
श्री ज्ञानानंद जी महाराज

आचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी
श्री बालकानंद गिरि जी महाराज

महामंडलेश्वर स्वामी
श्री नवल किशोर दास जी महाराज

परम् श्रध्देय
डॉ शिवचंद्र दास जी महाराज

डॉ. रामशरण जी महाराज
(चित्रकूट धाम)

स्वामी प्रबल मुनि जी
पीठाधीश्वर उदासीन आश्रम,
आराम बाग, झंडेवालान

|| श्री सुरभ्यै नमः ||

श्रीचंद्र उदासीन गोधाम सेवा ट्रस्ट

Reg.No: 923 / 2020 - 21

|| जय गौ माता, जय गोपाल ||

गौ सेवाश्रम चिकित्सालय

" श्री चंद्र उदासीन गौधाम सेवा ट्रस्ट" के माध्यम से स्वस्थ गौवंश अभियान : घायल एवं बीमार गौवंश की चिकित्सा व सेवा , श्री हरिहर आश्रम प्राचीन शिव मंदिर 61/195, राजघाट पावर हाउस, दिल्ली -110002

सेवाश्रम संचालक : महन्त श्री मंगल दास उदासीन जी महाराज

प्रचार मंत्री दिल्ली संत महामंडल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र व उप मंत्री श्री वैष्णव विरक्त मंडल दिल्ली एवं संस्थापक श्री चन्द्र उदासीन गौधाम सेवा ट्रस्ट, सेवाश्रम एवं संत मंडल संपर्क प्रमुख (सनातन सेवा संघ)

सनातन प्रकल्प

सनातन सेवा संघ के संकल्प व उद्देश्य पूर्ति हेतु कार्यरत प्रमुख प्रकल्प एवं अभियान इस प्रकार हैं::

संस्कार माला: जीवन संस्कार, चरित्र निर्माण, दैनिक दिनचर्या एवं व्यवहार दर्शन से संबंधित कार्य। इसका उद्देश्य व्यक्ति के जीवन में नैतिकता, अनुशासन और चरित्र विकास करना है।

सांस्कृतिक माला: अपनी संस्कृति और परम्पराओं के अनुसार तीज-त्योहारों के महत्व का प्रचार-प्रसार तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन। यह समाज में सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखने का कार्य करता है।

शिक्षा माला: बाल्यकाल से लेकर उच्च शिक्षा तक सनातनी शिक्षा की व्यवस्था, मेधावी विद्यार्थियों को सहयोग और छात्रवृत्ति उपलब्ध कराना। शिक्षा क्षेत्र में समान अवसर प्रदान करना इसका उद्देश्य है।

धर्म एकता: सामाजिक समरसता व जातिगत भेदभाव को मिटाए बिना धर्म एकता संभव नहीं, इसलिए सामाजिक एकता और धर्मों के बीच मेलजोल को बढ़ावा देना।

संत मिलन: संत, पुजारी, महंत, आचार्य, पीठाधीश, भागवताचार्य आदि धार्मिक व्यक्तियों के साथ संपर्क और संवाद स्थापित करना।

सेवा शक्ति केंद्र: धार्मिक स्थलों का समर्थन कर उन्हें सत्संग, आध्यात्म, संस्कृति और सेवा के केंद्र के रूप में विकसित करना।

धर्म आश्रय: संकट के समय सनातनी भाई-बहनों को आर्थिक, सामाजिक, जीवनयापन, व्यवसाय या सेवा में सहयोग प्रदान करना।

स्वास्थ्य माला: आवश्यकता पड़ने पर सनातनी बंधुओं को त्वरित उपचार, सही मार्गदर्शन और सहयोग सुनिश्चित करना।

संपर्क माला: विभिन्न तालमेल और समन्वय का काम जो माला के अंदर के मोतियों को एक साथ रखता है ताकि वे बिखरें नहीं। इसके माध्यम से समाज के हित में काम आने वाले लोगों को जोड़ना।

यह अभियान सनातन धर्म की सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक क्षेत्र में समग्र विकास और एकता के लिए कार्य करते हैं।

धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो